**सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**
**CSIR – Central Electronics Engineering Research Institute**
**पिलानी (राजस्थान) / Pilani (Rajasthan) 333031**

सं. No. 35/1/2020 - राभा  दिनांक Dated : 3 दिसंबर, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**
**Office Memorandum**

**विषय : संस्थान के मूल हिंदी पत्राचार (ईमेल सहित) में अभिवृद्धि एवं संघ द्वारा पत्राचार के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करना।**

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा विगत 27 फरवरी, 2023 को संस्थान का राजभाषा निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पत्राचार की मद पर चर्चा में समिति द्वारा संस्थान को हिंदी पत्राचार का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने तथा अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर भी हिंदी में दिए जाने के निदेश दिए गए थे। इस पर संस्थान की ओर से माननीय समिति को शीघ्र ही लक्ष्य प्राप्ति का आश्वासन दिया गया था।

अतः सभी अनुभाग/प्रभाग/समूह प्रमुखों से अनुरोध है कि कृपया माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए संस्थान के राजभाषा निरीक्षण के आलोक में संस्थान के मूल हिंदी पत्राचार में वृद्धि सुनिश्चित कर राजभाषा विभाग, गृहमंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी **वार्षिक कार्यक्रम 2024-25** में दिए गए पत्राचार के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए गंभीर प्रयास करें। **तदनुसार संस्थान से 'क' एवं 'ख' क्षेत्र को 100% तथा 'ग' क्षेत्र को - 65% पत्राचार हिंदी में किया जाना है।**

कृपया ध्यान दें कि संघ की राजभाषा नीति (राजभाषा नियमों तथा राजभाषा अधिनियमों) का अनुपालन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व है।

जय शंकर 04/12/2024

**(जय शंकर शरण/ JS Sharan)**
**प्रशासन नियंत्रक / CoA**

**प्रतिलिपि** (सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु) :

1. निदेशक कार्यालय
2. सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख/अनुभाग प्रभारी
3. प्रभारी, एनएमसी - वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए
4. सभी सूचना पट्ट